# सरकारी भूमि में खनन माफिया ने हजारों टन ग्रेवल मिट्टी का अवैध खनन किया

## ग्रामीणों की शिकायत पर खजूरी नायब तहसीलदार ने पहली बार कार्रवाई की

**मांडलगढ़,** (निसं)। मांडलगढ़ के जस्सूजी का खेड़ा और भग्गुनगर (जहाजपुर) पंचायत क्षेत्र के गोधपुरिया गांव की सरकारी भूमि में पिछले कई दिनों से खनन माफिया द्वारा ग्रेवल मिट्टी का अवैध खनन धड़ल्ले से किया जा रहा था। मौक़े से हजारों टन ग्रेवल मिट्टी का अब तक खनन किया जा चुका है और मिनरल ग्राइंडर की फैक्ट्रियों में अवैध खनन के मिनरल को ग्राइंडिंग कर कई राज्यों में भेजे जाने की जानकारी सामने आई है। ग्रामीणों की शिकायत पर खजूरी (जहाजपुर) के तहसीलदार ने ग्रेवल मिट्टी परिवहन करते खनन माफिया के एक डम्पर को जब्त कर काछोला थाना पुलिस को सौंपा। उक्त कार्रवाई की भनक लगने पर मौके से जेसीबी मशीन और अन्य डम्पर फरार हो गए।



ग्रेवल मिट्टी का अवैध खनन कर परिवहन करते एक डम्पर को जब्त कर पुलिस को सौंपा।

- कार्रवाई की भनक लगने पर मौके से जेसीबी मशीन और अन्य डम्पर फरार हो गए
- फैक्ट्रियों में ग्रेवल मिट्टी को ग्राइंडिंग कर टाइल्स मिनरल तैयार किया जाता हैं

नायब तहसीलदार बलवीर सिंह राठौड़ ने बताया कि गोधपुरिया से काछोला की ओर ग्रेवल मिट्टी लेकर आ रहे एक डम्पर को जब्त किया गया है और सरकारी भूमि पर किए गए अवैध खनन का मेंरमेंट करने के निर्देश हल्का पटवारी को दिए गए हैं तथा अवैध खननकर्ता की जानकारी जुटाई जा रही हैं। गोधपुरिया और निकट के बगतपुरा के ग्रामीणों का आरोप है कि सरथला व काछोला की ग्राइंडिंग फैक्ट्रियों के संचालकों द्वारा सैकड़ों बीघा सरकारी भूमि में किए जा रहे अवैध खनन को लेकर ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन के जिम्मेदारों को शिकायत की। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही थी।

ग्रामीणों का आरोप है कि कभी रात में तो कभी दिन में खनन माफिया द्वारा भारी भरकम मशीनों से अवैध खनन कर डम्पर और ट्रैक्टर ट्रॉलियों में परिवहन कर ग्राइंडिंग फैक्ट्रियों में ग्रेवल मिट्टी को ले जाते है और वहां ग्राइंडिंग कर मिट्टी के कट्टों को ट्रकों में भरकर अन्य राज्यों में भेजा जा रहा है जिससे सरकार को लाखों के राजस्व का चूना लगाया जा रहा है। फैक्ट्री संचालको द्वारा तथा कथित रवन्ना लाकर अवैध खनन पर पर्दा डालने का खेल खेला जा रहा है। वहीं बिल्टी और बिल में अंडरलोड बताकर मिट्टी के कट्टों को ट्रकों में ओवरलोड भर कर अन्य राज्यों में परिवहन किया जाता है। मिली जानकारी के मुताबिक सरथला पँचायत में एक ही लाइसेंस पर दो ग्राइंडिंग फैक्ट्रियां चल रही हैं लेकिन फेक्ट्री संचालकों ओर जिम्मेदारों की मिली भगत के चलते कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।

काछोला थानाधिकारी श्रद्धा पचौरी ने बताया कि खजूरी नायब तहसीलदार द्वारा जब्त ग्रेवल मिट्टी के डम्पर को जब्त कर खनिज विभाग को अग्रिम कार्रवाई के लिए सूचना भेज दी गई है। अवैध खनन और परिवहन पर कड़ी निगरानी कर रात्रि गश्त और नाकेबंदी के दौरान संदिग्ध वाहनों की चैकिंग भी की जा रही है।

# घर के बाहर बैठे युवक पर स्कूटी सवार दो युवकों ने गोली चलाई

## घटना में युवक बाल-बाल बच गया, एक अन्य व्यक्ति पर भी गोली चलाने का प्रयास किया

**भीलवाड़ा,** (निसं)। घर के बाहर बैठे एक युवक पर स्कूटी सवार दो युवकों ने फायर कर दिया। फायरिंग की घटना में घर के बाहर बैठा युवक बाल-बाल बच गया। युवकों को पकड़ने और उन्हें फायरिंग से रोकने आए एक स्थानीय व्यक्ति पर भी इन्होंने गोली चलाने का प्रयास किया। मामला शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मालान एरिया का है। यहां चारभुजा नाथ मंदिर के सामने घर के बाहर बैठे मुकेश जाट पर स्कूटी पर सवार कृश सुवालका और उसके एक साथी ने फायरिंग कर जान से मारने की कोशिश की। तीन राउंड फायर में एक कारतूस और एक कारतूस का खोल मौके से बरामद हुआ है।

- तीन राउंड फायर में एक कारतूस और एक कारतूस का खोल मौके से बरामद हुआ है



फायरिंग के बाद कारतूस का खोल मौके से बरामद किया।

मुकेश ने बताया कि वह पार्टी के बैनर पोस्टर बांट कर अपने घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान स्कूटी पर कृश सुवालका और उसका एक साथी आया और उन्होंने फायरिंग कर दी। गोली उसके नजदीक से होकर निकल गई, दूसरी गोली चलने पर उसने वहां पास खड़ी कर के पीछे छुप कर खुद को बचाया। इसी दौरान पास में बैठा एक मोहन जाट, मुकेश को बचाने और हमलावरों को पकड़ने के लिए आया तो उस पर भी फायरिंग कर दी, फायरिंग में वह भी बाल बाल बच गया। फायरिंग के बाद हमलावर तुरंत मौके से फरार हो गए। घटना के बाद बड़ी संख्या में मोहल्लेवासी इकट्ठा हो गए और उन्होंने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज मौके पर पहुंचे और मौके से एक कारतूस और एक कारतूस की खोल बरामद की है। घटना के बाद से क्षेत्रवासियों में दहशत है। दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश थी। इस के चलते फायरिंग की घटना को अंजाम दिया है। फिलहाल पुलिस ने मुकेश की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## पैरालीगल वोलेंटियर्स का ट्रेनिंग प्रोग्राम आयोजित

**अजमेर,** (कासं)। जिला विधिक प्राधिकरण अजमेर के सभागार में जेल क्लिनिक के सफल क्रियान्वयन के लिए पैरालीगल वोलेंटियर्स का ट्रेनिंग प्रोग्राम जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश) सचिव रामपाल जाट सचिव के नेतृत्व में शुरू हुआ। सचिव जाट ने पैरालीगल वोलेंटियर्स को कारागृहों का अर्थ एवं ढांचों के बारे में जानकारी दी, साथ ही कारागृहों में निरूद्ध बंदीगण जो विभिन्न प्रकार के प्रकरणों जैसे लघु अपराध के मामले चोरी,जालसाजी आदि मध्यम व गंभीर के प्रवृति के अपराधों के बारे में बताया गया एवं ऐसे सभी बंदियों की समस्त जानकारी निर्धारित प्रारूप एवं विधिक सहायता फॉर्म भरवाया आए। कारागृहों में निरुद्ध ऐसे बंदीगण जो किन्हीं कारणों से विधिक सहायता नही मिल पा रही एवं सहायता में आ रही बाधाओं को दूर करने का प्रयास जेल क्लिनिक के माध्यम से किया जाना चाहिए।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा का कार्यकर्ता सम्मेलन सम्पन्न

**भीलवाड़ा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी ओबीसी भीलवाड़ा द्वारा सामाजिक कार्यकर्ता सम्मेलन हमीरगढ़ में शनि महाराज के स्थान पर भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी दामोदर अग्रवाल के समर्थन में आयोजित किया गया।

जिसमें भाजपा प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, प्रदेश अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा राजस्थान चंपालाल गेदर, भीलवाड़ा लोकसभा सह प्रभारी गजपाल सिंह राठौड़, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा, भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह, ओबीसी मोर्चा जिला प्रभारी बद्री सामरिया, भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री नंदलाल गुर्जर, भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चे के जिला अध्यक्ष भगवत सिंह राठौड़, अध्यक्ष भाजपा मंडल हमीरगढ़ लालाराम गाडरी, लोकसभा चुनाव मैं आयोजित सम्मेलन को संबोधित किया। इस अवसर पर चंपालाल गेदर को कार्यकर्ताओं ने तलवार भेंट की एवं श्रवण सिंह बगड़ी को कार्यकर्ता द्वारा लिखी गई कविता की फ्रेम भेंट की गई। भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी में जानकारी देते हुए बताया कि सामाजिक सम्मेलन में सभी अतिथियों ने एक स्वर में आगामी आने वाली 26 अप्रैल को अपने मतदान का प्रयोग कर कमल के निशान पर बटन दबाकर बीजेपी प्रत्याशी को विजय बनाने की अपील की।



हमीरगढ़ में भाजपा ओबीसी भीलवाड़ा का सामाजिक कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ।

- सम्मेलन में सभी ने बीजेपी प्रत्याशी को विजय बनाने की अपील की

इस दौरान जिला मंत्री गोपाल तेली, मनोज बुलानी, हमीरगढ़ नगर पालिका के अध्यक्ष रेखा की परिहार, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष शंकर जाट, मनीष जांगिड़, दुलीचंद गाडरी, यशवर्धन सैन, जयदीप सिंह, मंडल महामंत्री जगदीश वैष्णव, विष्णु ओझा, हरलाल सालवी, ओबीसी मोर्चा के हमीरगढ़ मंडल अध्यक्ष लादू जाट, पूर्व महामंत्री रतन मंडोवरा, शंकर गुर्जर, भैरू जाट, शैलेंद्र नाथ, अभिषेक व्यास, कैलाश सोनी, मोहित छीपा, किशन सिंह, कैलाश तेली, नारायण जाट, राधेश्याम सोनी, आदि सहित समस्त कार्यकर्ता सम्मेलन में मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### चहूं ओर गूंजे हनुमान जी के जयकारे



**मसूदा,** (निसं)। मसूदा उपखण्ड क्षेत्र में मंगलवार को हनुमान जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस मौके पर सुंदरकांड हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन भी किए गए मंदिरों पर आकर्षक सजावट भी की गई अखाड़े वाले बालाजी मंदिर में हनुमान जी की महाआरती की गई ।भक्तों ने बताया कि हनुमानजी के विठाह को नवीन चोला धारण करवाया गया तथा उनका आकर्षण श्रंगार भी किया गया। इस मौके पर आराध्या भगवान श्री राम एवं जानकी का दरबार भी सजाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भजन सुंदरकांड का पाठ हनुमान चालीसा का पाठ किया गया इच्छापूर्ण बालाजी खेड़ा कोट बालाजी अखाड़े वाले बालाजी, पीएचडी वाले बालाजी, विद्युत विभाग वाले बालाजी सहित उपखंड क्षेत्र के सभी मंदिरों में हनुमान जयंती के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।शोभायात्रा के दौरान मसूदा विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत , मसूदा सीओ सज्जन सिंह ,मसूदा तहसीलदार श्यामलाल आमेटा ,मसूदा सीआई सुरेन्द्र सिंह राव व मसूदा कस्बे के रामभक्तों की टोलियां मौजूद थी। कानून व्यवस्था बनी रहे इसके लिए स्थानीय प्रशासन शक्ति के साथ मुस्तैद रहा ।

### हनुमान चालीसा का हुआ पाठ

**ब्यावर,** (निसं) श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति द्वारा संचालित इंस्टिट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट विभाग द्वारा ''हनुमान जन्मोत्सव' के उपलक्ष में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम हनुमान जी व मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया । इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य आर.सी. लोढ़ा ने छात्राओं को हनुमान जी के जीवन मूल्यों से अवगत कराया । उन्होने छात्राओं को हनुमान जी के समान बल और बुद्धि का विवेकपूर्वक सदुपयोग करने हेतु प्रेरित किया । अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा ने छात्राओं को हनुमान जी के बचपन की पौराणिक कथाओं व कहानियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का समापन हनुमान जी की आरती के साथ हुआ । कार्यक्रम में फैशन डिजाइनिंग व्याख्याता छवि गरवाल, रितु प्रजापति, शबाना शेख, मेकअप आर्टिस्ट व्याख्याता सुमन अठावाल, प्रियंका मंगरोला तथा मास कम्युनिकेशन प्रवक्ता पूजा कांजानी सहित समस्त संकाय सदस्य व छात्राएं उपस्थिति रहे।

### सी.एम. भजनलाल शर्मा आज सरवाड़ में

**सरवाड़,** (निसं)। शहर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर सरवाड़ हाई सेकेंडरी स्कूल को अंतिम रूप दिया इस मौके पर भाजपा प्रत्याशी भागीरथ चौधरी के समर्थन में आज जनसभा करेंगें। वहीं आज सीएम दोपहर 3:15 बजे सरवाड़ पहुंचेंगे इस दौरान हेलीपैड पर 3:20 बजे हेलीपैड से कार द्वारा सभा स्थल के लिए रवाना होंगे 3:25 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे 3:30 बजे से 4:45 बजे तक जनसभा को संबोधित करेंगे 5 बजे हेलीकॉप्टर से जयपुर के लिए प्रस्थान होंगे यह कार्यक्रम राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित होगा वहीं जनसभा को लेकर तैयारियां को अंतिम रूप दिया गया विधायक शत्रुघ्न गौतम ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला



**बिजयनगर,** (निसं)। आगामी 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार शाम को पुलिस सब इंस्पेक्टर थाना इंचार्ज राजमल के नेतृत्व में पुलिस जाब्ता एव सीआरपीएफ पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के साथ शहर के प्रमुख मार्गो से होकर फ्लैग मार्च निकाला गया ।फ्लैग मार्चकेकड़ी चौराहा से प्रारंभ होकररेलवे फाटक रेलवे स्टेशन महावीर बाजारविवेकानंद सर्किलपीपली चौराहाहोते हुएपुलिस थाना परिसर पहुंचा। फ्लैग मार्च समीप ग्राम बैरल द्वितीय बाड़ी शिखरानी ग्रामीण क्षेत्र में भी निकाला गया फ्लैग मार्च मे सीआरपीएफ पैरामिलिट्री फोर्स के सशस्त्र जवान शामिल हुए।

## भजन कीर्तन के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**ब्यावर,** (निसं) स्थानीय आशापुरा माता धाम में हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में हनुमान जन्मोत्सव आज मंगलवार को धूमधाम और अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

मंदिर परिसर में स्थित श्री पंचमुखी बालाजी के अद्वितीय अलौकिक दर्शन से उपस्थित सभी भक्तगण अभिभूत और रोमांचित हो उठे। मंदिर परिसर की भी पुष्प, गुब्बारों के साथ-साथ मनमोहक और नयनाभिराम विद्युत सज्जा से ऐसी आकर्षक साज-सज्जा की गयी, जिससे मंदिर परिसर के सौन्दर्य में अनुपम वृद्धि हो गयी। मंदिर समिति के सह सचिव सुरेश वैष्णव ने बताया कि प्रात:काल से ही श्री बालाजी महाराज के दर्शन लाभ लेने के लिए धर्मप्रेमी भक्तगणों का पधारना प्रारम्भ हो गया। प्रात: 10 बजे पंचामृत अभिषेक व अद्भुत श्रृंगार से जन्मोत्सव का प्रारम्भ हुआ। मंदिर अर्चक ने श्री पंचमुखी बालाजी महाराज का अद्वितीय व अलौकिक दर्शन कर प्रतिमा को जीवंत बना दिया। दोपहर 4 बजे से कृष्णदीवानी स्वरागिनी की चंचल सोनी एवं शालिनी शर्मा के मुखारबिंद से संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन हुआ। पाठ के मध्य में हुए सुमधुर भजनों से इस धार्मिक गंगा में सभी भक्तगणों ने आनंद की खूब डुबकी लगाई। तत्पश्चात भजनों में तो उपस्थित मातृशक्ति ने नृत्य कर वातावरण को ओर सुरम्य बना दिया।



हनुमान जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर को सजाया।

# सड़क पर गंभीर अवस्था में मिले युवक की अस्पताल में मौत

**भीलवाड़ा,** (निसं)। जिले के मांडल थाना क्षेत्र में मंगलवार तड़के गांव के बाहर जाने वाली सड़क पर एक युवक के लहूलुहान गंभीर अवस्था में मिलने से सनसनी फैल गई। सड़क से गुजर रहे लोगों ने घायल के परिजनों को सूचित किया। घायल युवक का छोटा भाई मौके पर पहुंचा और उसे लेकर मांडल हॉस्पिटल पहुंचा। यहां हालत गंभीर होने पर उसे भीलवाड़ा रेफर किया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के मुताबिक मांडल गांव से बाहर कोली खेड़ा सड़क मार्ग पर कोली खेड़ा निवासी नारायण (21) पिता भेरुलाल गुर्जर लहूलुहान गंभीर हालत में सड़क के किनारे घायल अवस्था में मिला। घायल के शरीर पर कई जगह धारदार हथियारों के निशान थे। मौके से गुजर रहे लोगों ने नारायण के भाई श्याम को फोन पर सूचित किया। जिस पर वह मौके पर पहुंचा और घायल अवस्था में भाई को मांडल हॉस्पिटल लेकर गया यहां से उसे भीलवाड़ा महात्मा गांधी हॉस्पिटल में रेफर किया गया। भीलवाड़ा महात्मा गांधी हॉस्पिटल लाने पर डॉक्टरों ने नारायण को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई ने बताया कि उसके एक दोस्त ने उसे फोन करके बताया था कि उसका भाई घायल अवस्था में पड़ा है। जिस पर वो मौके पर पहुंचा तो भाई बुरी तरह घायल अवस्था में पड़ा था। भाई ने बताया कि राकेश सुथार और मदन सिंह स्विफ्ट कार से आए उनके साथ चार पांच लोग और थे। कार से पहले उसे टक्कर मार कर गिरा दिया बाद में चाकू , लाठी डंडों से उसे पीट-पीटकर घायल कर दिया। मैं उसे तुरंत लेकर मांडल हॉस्पिटल पहुंचा और यहां से भीलवाड़ा हॉस्पिटल लेकर आया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। नारायण का इन लोगों से पहले का विवाद चल रहा है। इसके चलते 5 महीने पहले भी नारायण के साथ मारपीट की गई थी।

मृतक नारायण के पिता भेरुलाल ने बताया कि क़स्बे में रहने वाला राकेश सुथार और मदन सिंह नारायण से छोटी-मोटी बात को लेकर दुश्मनी पाले हुए थे।

# संकट कटे मिटे सब पीरा, जो सुमिरै हनुमत बलबीरा...

## सजाई 56 भोग की झांकी, सुंदरकांड पाठ और महाआरती का आयोजन

**अजमेर,** (कासं)। शहर सहित जिले भर में श्रीराम भक्त संकटमोचक हनुमान का जन्मोत्सव मंगलवार को पारम्परिक तरीके से मनाया गया। मंदिरों में संगीतमय सुंदरकांड पाठ हुए। लोगों ने विधि-विधान से नारियल, फूल-माला, मिष्ठान, छप्पन भोग, पान का बीड़ा और अन्य सामग्री से बालाजी की पूजा-अर्चना की। दोपहर 12 बजे जन्म आरती हुई, जिसमें लोगों ने बजरंग बली के जयकारे लगाए। सुबह से देर शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं की कतारें लगी रहीं।

शहर के प्राचीन बजरंगगढ़ बालाजी मंदिर, ऋषि घाटी बालाजी मंदिर, श्री सिद्ध पंचमुखी हनुमान मंदिर, नला बाजार बालाजी मंदिर, मेहंदीपुर कोटड़ा धाम, आगरा गेट स्थित मराठाकालीन पंचमुखी हनुमान मंदिर, मार्टिण्डल ब्रिज स्थित श्रीराम बालाजी मंदिर सहित अन्य मन्दिरों में मंगलवार सुबह मंगला आरती हुई, दोपहर को जन्म आरती और सुन्दरकांड पाठ के आयोजन के साथ बालाजी को 56 प्रकार के भोग लगाया और श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया।

दौलत बाग पहाड़ी पर स्थित 300 वर्ष पुराने प्राचीन हनुमान मंदिर बजरंगगढ़ के नाम से विख्यात है, मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर परिसर में पंच दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बालाजी की प्रतिमा को स्नान कराने के बाद सिंदूर से श्रृंगारित कर चांदी व सोने के वर्क से सजाया गया, सुबह 8 बजे सुंदरकांड पाठ के बाद छप्पन भोग की झांकी सजाई गई, दोपहर 12 बजे महाआरती हुई छप्पन भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। इसी प्रकार प्राचीन घाटी वाले बालाजी मंदिर में दोपहर को महाआरती हुई उसके पश्चात मावे और ड्राई फ्रूट बना केक काट कर हनुमान जी का जन्मोत्सव मनाया गया। मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ रही।



श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ ने केक काटकर हनुमान जन्मोत्सव मनाया।

श्रीराम नाम संकीर्तन व हनुमान चालीसा पाठ - प्राचीन सिन्धी शिव मन्दिर सेवा ट्रस्ट गंज अजमेर के अध्यक्ष भागचन्द दौलतानी और महासचिव रमेश लालवानी के नेतृत्व में मंगलवार को मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर धार्मिक आयोजन हुए।

- विहिप व बजरंग दल ने निकाली भगवा रैली

पंडित दामोदर दाधीच और उनकी मंडली द्वारा श्रीराम नाम संकीर्तन, हवन यज्ञ व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जन्म आरती के पश्चात लंगर प्रसादी का वितरण श्रद्धालुओं में किया। इस अवसर पर भगवानदास भागचन्दानी, भागचन्द दौलतानी, ताराचन्द लालवानी,रमेश लालवानी, अशोक दौलतानी,गोविन्द लालवानी,रामचन्द तोलानी, राधाकिशन दौलतानी, नीलम कश्यप, बीना सैनी, मुकेश कुमार, किशन भाई ने सेवाएं प्रदान की।

अध्यक्ष मितेश निचानी,उपाध्यक्ष हरीश अगनानी और सचिव हरीश वतवानी ने बताया कि कार्यक्रम में पूज्य श्री झूलेलाल साहिब मन्दिर भीलवाडा के सेवादारी वरिष्ठ नागरिक टेकचन्द टिक्यानी और श्री अजमेर व्यापारिक महासंघ के महासचिव रमेश लालवानी ने हनुमान जी का पूजन करके दस पौण्ड का केक काटा, लढढू का प्रसाद और केक के प्रसाद का आम श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। इस अवसर पर संजय मार्केट यूथ विंग के हरीश अगनानी, हरीश वतवानी,गोपाल मनवानी, बाजार के दिव्यांश आलवानी,दौलतराम लख्यानी, भारत तोलानी, राजकुमार पिंजलानी, सन्नी अगनानी,धनराज,चन्द्र लखीसरानी आदि के द्वारा सेवाएं प्रदान की।

## हर्षोल्लास से हनुमान जन्मोत्सव मनाया

**बांदनवाड़ा,** (निसं)। क़स्बे मे हनुमान जन्मोत्सव पर पंचायत बालाजी, 22 मिल बालाजी, बीड़ के बाला जी व रामबाघ बालाजी, खेड़ीया बालाजी सहित अन्य हनुमान मंदिरों में जन्मोत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया और इस अवसर पर मन्दिरों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया। पंचायत हनुमान मन्दिर में प्रात ही शुभ मुहूर्त में चोला श्रृंगार किया और विधि विधान से झंडारोहण हुआ । मण्डल के कमल शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह राठौड़ ने बताया कि झंडारोहण कुंवर वीरेंद्र सिंह राठौड़, समाजसेवी भंवर सिंह राठौड़, इन्द्रदेव कुमावत, प्रभु रहलानी ने किया।

तत्पश्चात श्री रामभक्त मण्डल गुलाबपूरा ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया, पाठ में भजनों की शानदार प्रस्तुतियां देकर सुंदरकांड में उपस्थित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। शाम 4 बजे हनुमान झांकी रथ से बैंड बाजों के साथ शोभायात्रा निकली जिसमें ग्रामीणों ने शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और शोभायात्रा में दुर्गा वाहिनी की कार्यकर्ताओं ने शक्ति प्रदर्शन किया और नन्हे बच्चे बने 21 हनुमानजी आकर्षक का केंद्र रहे व श्रद्धालु नाचते- झूमते भक्ति रस का आनंद लिया।